रणजीत सिंह देओल ने संभाला पदभार

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी

महानगर संवाददाता

मुंबई

रणजीत सिंह देओल ने गुरुवार को मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के व्यवस्थापकीय संचालक का पदभार स्वीकार कर लिया। 1998 बैंच के आईएएस देओल के लिए कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो तीन एक बड़ी चुनौती होगी।

रणजीत सिंह देओल ने अश्विनी भिडे से पदभार हासिल किया। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को नए कैरियर की शुभकामनाएं दी। देओल के समक्ष कई चुनौतियां होंगी, जिसमें मेट्रो 3 परियोजना को समय से पूरा करना खासा महत्वपूर्ण काम होगा। इस मेट्रो के जरिए मुंबई शहर को उपनगर से जोड़ा जा रहा है। इससे उपनगरीय लोकल ट्रेनों पर पड़ने वाला भार काम होगा। देओल को सरकार में अलग-अलग पदों पर काम करने का 20 साल का लंबा अनुभव है। महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल के व्यावस्थापकीय संचालक व उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने दुर्घटना टालने के लिए बस निर्माण के लिए हल्के स्टील के उपयोग की अवधारणा दी थी। इस दरम्यान उन्होंने वाहन ट्रैकिंग सिस्टम और यात्रा सूचना प्रणाली को लागू किया। शिवशाही बस, स्मार्ट कार्ड, ई-टिकटिंग और संवेदनशील बस अड्डों पर सीसीटीवी लगाने की पहल की थी। वे सोलापुर मनपा आयुक्त, रजिस्ट्रार जनरल (जनसंख्या विभाग, भारत) तथा समाज कल्याण विभाग के संचालक के रूप में काम कर चुके हैं। अश्विनी भिडे को प्रधान सचिव पद पर प्रमोशन दिया गया है। आरे कॉलोनी में मेट्रो 3 के कारशेड मुद्दे पर अश्विनी भिडे और शिवसेना में मतभेद पैदा हो गए थे। हालांकि इसके बावजूद भिडे को पदोन्नत किया गया।